प्रेस-विज्ञप्ति 13.09.2023

मर्चेन्ट्स चैम्बर ऑफ़ उत्तर प्रदेश की 92वें गौरवशाली वर्ष में 91वीं वार्षिक आम सभा की नयी कार्यकारिणी के अधिष्ठापन समारोह का आयोजन बुधवार, दिनांक 13 सितम्बर, 2023 को अपराह्न 03:00 बजे से किया गया। सत्र का संचालन करते हुए श्री मुकुल टंडन जी ने गणमान्य अतिथियों से दीप प्रज्ज्वलित कर अधिष्ठापन समारोह का शुभारम्भ किया।

अधिष्ठापन समारोह की शुरुआत के राष्टगान के साथ की गयी।

मुख्य अतिथि श्री ब्रजेश पाठक जी, उप मुख्य मंत्री, उत्तर प्रदेश, को श्री अभिषेक सिंघानिया अध्यक्ष-मर्चेंट्स चैम्बर और श्री अतुल कनोडिया, पूर्व अध्यक्ष मर्चेंट्स चैम्बर द्वारा पुष्प गुच्छ देकर एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया।

मर्चेन्ट्स चैम्बर के पूर्व अध्यक्ष **श्री अतुल कनोडिया जी** ने अपने कार्यवर्ष में सम्पादित हुये कार्यक्रमों का विस्तृत विवरण पावर-प्वांइट प्रस्तुतिकरण के माध्यम से दिया। श्री कानोडिया ने चैम्बर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री अभिषेक सिंघानिया जी, उपाध्यक्ष श्री मयंक खन्ना जी, तथा काउंसिल मेम्बरों को भावी कार्यवर्ष हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की।

माननीय मुख्य अतिथि द्वारा मर्चेंट्स चैम्बर के सदस्यों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं चैम्बर की कार्रवाई में योगदान देने के लिए मंच पर आमंत्रित कर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

श्री बृजेश पाठक जी द्वारा चैम्बर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री अभिषेक सिंघानिया और उपाध्यक्ष श्री मयंक खन्ना जी को क्रमशः चैम्बर के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष की लापेल पिन पहनाकर सम्मानित किया गया।

मर्चेंट्स चैम्बर के नवनिर्वाचित टीम के अधिष्ठापन समारोह के अवसर पर चैम्बर के अध्यक्ष – **श्री अभिषेक सिहानिया** जी ने अपने संबोधन को "कल-आज-और कल" विषय पर अपना सम्बोधन केंद्रित करते हुए एक वीडियो प्रस्तुतीकरण किया जिसमें कानपुर की औद्यौगिक विकास यात्रा लाल इमली, जे.के. कॉटन मिल से लेकर वर्तमान की औद्योगिक एवं आधुनिक क्रांति तथा कानपुर के आने वाले कल अर्थात भविष्य की एक झलक प्रस्तुत की जिसमें साफ़ तौर पर यह दिखाया गया कि हमारे शहर जिसको मेनचेस्टर ऑफ ईस्ट कहा जाता था, पुनः उसका गौरव सम्मानपूर्वक लौटाने के लिए हम सबको अथक प्रयास करना होगा जिसमें हम सबके सहयोग की अतिआवश्यकता है। अपने वक्तव्य के दौरान श्री सिंहानिया ने निम्नलिखित बिंदुओं एवं चैम्बर की भावी योजनाओ को संक्षेप में रखा, जैसे :

- शहर से प्रतिभा पलायन रोकना होगा,
- नवाचार एवं उद्यमिता (अर्थात स्टार्ट - अप) को विशेष तौर पर बढ़ावा देना होगा
- हमारे यहां उच्चतम शिक्षण संस्थान है, जिनकी क्षमता का पूर्ण दोहन करने की आवश्यकता है,
- उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने के लिए हमारे कानपुर के उद्यमियों को विशेष तौर पर आगे आकर प्रयास करना होगा, आदि

उपरोक्तर समस्त भावी योजनाएं तभी धरातल पर आ सकेंगी जब हम सभी मिलकर एक स्पष्ट दृष्टि एवं जमीनी प्रयास करें तो हम सब एक नए कानपुर को बना कर सकते है जिसका लाभ हमारी भावी पीढ़ी को प्राप्त हो सकेगा।

श्री महेंद्र मोहन गुप्ता जी, पूर्व अध्यक्ष, मर्चेंट्स चैम्बर ने चेंबर की नई टीम को मंगल आशीष देते हुए भविष्य की नयी उचाइयो को प्राप्त करने के लिए बधाई दी। श्री महेंद्र मोहन जी ने श्री बृजेश पाठक जी से आशा व्यक्त की कि मर्चेंट चेंबर द्वारा कानपुर के जनहित में चतुर्मुखी विकास हेतु किए जाने वाले कार्य के लिए मर्चेंट चेंबर को शासन के विभिन्न स्तर पर सदैव सहयोग प्राप्त होता रहेगा।

अधिष्ठापन समारोह के मुख्य अतिथि माननीय उप मुख्यमंत्री श्री बृजेश पाठक जी, उत्तर प्रदेश, के चैम्बर की नयी टीम के अधिष्ठापन समारोह के आशीष एवं प्रेरक वचन

श्री बृजेश पाठक जी ने अपना सम्बोधन ***भारत माता की जय*** के आरम्भ किया। श्री पाठक जी ने अध्यक्ष - श्री अभिषेक सिंघानिया , उपाध्यक्ष - श्री मयंक खन्ना जी एवं उनकी टीम को चैम्बर के उद्देश्यों को पूर्ण करने, उद्यमिता के क्षेत्र को विकसित करने तथा जनहित में रोजगारपरक योजनाओ की पूर्ति हेतु विशेष स्नेह एवं मंगल आशीष दिया। श्री पाठक जी ने कहा कि :

- कानपुर की पहचान ही जे.के. ग्रुप से है, क्योकि जब भी कानपुर की चर्चा होती है तो उसका केंद्र बिंदु ही जे.के. समूह होता है जिसने कानपुर को एक नयी पहचान दिलाई है, उसी तरह J.K. आज भी अपनी एक नयी पहचान बना चुका है जो प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर एक विशेष स्थान रखता है,
- उसी तरह से चैम्बर को अपने विकास के अजेंडे में कानपुर के विकास के साथ-साथ समूचे उत्तर प्रदेश के विकास के लिए प्रयासरत रहना होगा,
- श्री पाठक जी ने मर्चेंट्स चैम्बर को यह सुझाव दिया कि चैम्बर को ऐसे सदस्यों या प्रबुद्धजनों का एक सामान्य (common) प्लेटफॉर्म मंच विकसित करना होगा जिनका जुड़ाव शासन से बना रहे ताकि वह अपना सुझाव जनहित में सरकार तक पंहुचा सके,

माननीय श्री बृजेश पाठक जी ने यह आश्वस्त किया कि मर्चेंट्स चैम्बर की प्रत्येक जनहित, औद्योगिक एवं व्यापारिक तथा चतुर्मुखी विकास हेतु उत्तर प्रदेश शासन सदैव तत्पर रहेगा।

श्री अभिषेक सिंघानिया और श्री मयंक खन्ना द्वारा मुख्य अतिथि श्री बृजेश पाठक जी को को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

माननीय श्री बृजेश पाठक जी को श्री संजीव पाठक, सदस्य, मर्चेंट्स चैम्बर की ओर से भी स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

चैम्बर के उपाध्यक्ष **श्री मयंक खन्ना** जी ने धन्यवाद प्रस्ताव दिया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से तथा कौंसिल मेंबर के सदस्य, चैम्बर के अन्य सदस्यगण, प्रशासनिक अधिकारीगण, व्यापारी एवं उद्योग बंधु, व चेम्बरके सचिव महेंद्र मोदी एवं आदि उपस्थित थे ।